गोविन्दराम सेकसरिया अर्थ–वाणिज्य (स्वशासी) महाविद्यालय, जबलपुर

प्रतिवेदन

शिक्षक पर्व – 2022

शिक्षक पर्व के उपलक्ष्य में दिनांक 05.09.2022 से दिनांक 09.09.2022 तक गोविन्दराम सेकसरिया अर्थ–वाणिज्य (स्वशासी) महाविद्यालय, जबलपुर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई –

- **दिनांक 05.09.2022** – डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक पर्व के रूप में आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में भाषण, नृत्य, गायन एवं ड्रामा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार पाहवा, समस्त प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार विद्यार्थियों द्वारा किया गया।






- <u>दिनांक 06.09.2022</u> – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों की भूमिका विषय पर भाषण का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ डॉ. शक्ति प्रताभन एवं डॉ. आशीष मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।




- <u>दिनांक 07.09.2022</u> – महाविद्यालय के वाचनालय में विद्यार्थियों हेतु पुस्तक पाठन का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को पुस्तक पाठन का महत्व बताते हुये प्रेरित किया गया।




- <u>दिनांक 08.09.2022</u> – महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों हेतु ''समाज में शिक्षक की भूमिका'' विषय पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार प्रदान किये गये एवं समस्त प्रतिभागियों को महाविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये पोस्टरो. की. एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी।




(डॉ. सुनील कुमार पोहवा)
प्राचार्य

(डॉ. आर.के. पटेल)
प्रभारी